Regarding request to establish trauma centres on National Highways 331 and 531 in Maharajganj,Bihar

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(**महाराजगंज**) :** आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण विषय भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के सामने रखना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र महाराजगंज, बिहार से दो राष्ट्रीय राजमार्ग 331 और 531 गुजरते हैं । दोनों की चौड़ाई, लंबाई और अच्छाई इतनी है कि गाडियां रफ्तार से चलती हैं और आए दिन एक्सीडेंट होते हैं । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि 331 और 531 पर इकमा में और दूसरा भगवानपुर हाट में ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाए और सभी सुविधाओं से सुसज्जित एंबुलेंस तत्काल लगायी जाए ताकि इमरजेंसी सेवाएं लोगों को मिल सकें । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से मांग करता हूं कि इन दोनों जगहों पर ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाए ।